प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

19.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

विधानसभा सत्र

शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र की आज सातवीं बैठक है। सदन में प्रश्नकाल के अलावा अन्य विधायी कार्य निपटाए जाएंगे। वितीय वर्ष 2025–26 के बजट अनुमानों पर चर्चा आज भी जारी रहेगी। इस बीच सत्र के बाद प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक भी होगी। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता........

प्रश्नकाल

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार राज्य के विभिन्न हिस्सों खासकर जनजातीय व दुर्गम क्षेत्रों में खाली पड़े पदों को भरने के लिए युक्तिकरण की नीति लाएगी। शिमला में चल रहे विधानसभा के बजट सत्र में कल प्रश्नकाल के दौरान एक सवाल के जवाब में दखल देते हुए मुख्यमंत्री ने ये बात कही। उन्होंने कहा कि यह नीति जनसंख्या और भौगोलिक परिस्थितियों पर आधारित होगी ताकि किसी भी विभाग, निगम या बोर्ड में कोई पद खाली न रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार युक्तिकरण की नीति पर काम कर रही है।

विमल नेगी

हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के मुख्य अभियंता व महाप्रबंधक के पद पर सेवारत विमल नेगी का शव कल भाखड़ा बांध में बरामद हुआ। वह बीते 10 मार्च से लापता चल रहे थे। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने विमल नेगी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। इस बीच पावर कारपोरेशन के कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इस मामले में जांच बिठाने की मांग की है। साथ ही उन्होंने पावर कारपोरेशन के प्रबंधकों को हटाने की भी मांग की है ताकि निष्पक्ष जांच हो सके।

कुलदीप राठौर

विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने कहा है कि विदेशों से आ रही सेब की नर्सरी को एक साल तक क्वारंटीन करना आवश्यक है, लेकिन कई व्यापारी मापदंड को पूरा नहीं कर रहे हैं, जिससे वायरस का खतरा बढ़ गया है। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में कुलदीप राठौर ने कहा कि उन्होंने विदेश से आ रहे सेब के पौधों में वायरस का मामला सदन में भी उठाया है। उन्होंने सरकार से विदेश से आ रहे सेब की नर्सरी की जांच करवाने का आग्रह किया है।

बैठक

विधानसभा सचिवालय के मुख्य समिति कक्ष में सदस्य सुविधा समिति की बैठक का आयोजन विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां की अध्यक्षता में किया गया। समिति द्वारा कल बैठक के लिए निर्धारित एजेण्डे पर विस्तृत चर्चा की गई तथा आगामी बैठक में इस पर जल्द फैसला लेने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू को सभी सदस्यों के आग्रह पर विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। इस बैठक में उप–मुख्यमंत्री, मुकेश अग्निहोत्री, संसदीय कार्य मंत्री हर्ष वर्धन चौहान, नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर व अन्य समिति सदस्य मौजूद रहे।

नासा – आईएसएस वापसी

अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर आज सुबह स्पेसएक्स क्रू ड्रैगन अंतरिक्ष यान पर सवार होकर धरती पर वापस आ गए हैं। उनके स्पेसएक्स कैप्सूल ने पैराशूट से मेक्सिको की खाड़ी के लिए उड़ान भरी। दोनों अंतरिक्ष यात्रियों की नौ महीने की कठिन परीक्षा समाप्त हो गई। विल्मोर और विलियम्स पिछले साल जून से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर थे। दोनों ने अंतरिक्ष में 2 सौ 86 दिन बिताए जो अनुमान से 2 सौ 78 दिन अधिक रहा।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार आज से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, जिससे अधिकांश पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश व बर्फबारी होने की संभावना है, जबकि अन्य भागों में मौसम साफ रहेगा। विभाग के मुताबिक जनजातीय जिलों की उंची चोटियों पर 21 मार्च तक हल्की बर्फबारी होने के आसार हैं। 22 मार्च से प्रदेश भर में मौसम साफ रहेगा। बीते दिनों जनजातीय जिलों में हुई बर्फबारी से अभी भी कई सड़कें अवरूद्व हैं। इसके अलावा चंबा जिला के कई क्षेत्रों में बिजली और पानी की आपूर्ति अभी भी बहाल नहीं हो पाई है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे चंबा जिला संवाददाता.........

....